मेरे बांके बिहारी | By Hari Sharma

मेरे बांके बिहारी की सुन्दर छवि न्यारी ही न्यारी है
न्यारी ही न्यारी है
मेरे मन को जो मोहे ये मेरे ही वो कृष्ण मुरारी हैं
मेरे बांके बिहारी की सुन्दर छवि न्यारी ही न्यारी है
न्यारी ही न्यारी है

बांकी चितवन तेरी मेरा चैन चुराती है
आहें भर भर मैंने तेरी नज़र उतारी है
आहें भर भर मैंने तेरी नज़र उतारी है २
मेरे बांके बिहारी की सुन्दर छवि न्यारी ही न्यारी है
न्यारी ही न्यारी है............

मोर मुकुट है सिर पे हर अदा निराली है
लट लटके घुंघराली लागे बड़ी प्यारी है
लट लटके घुंघराली लागे बड़ी प्यारी है २
मेरे बांके बिहारी की सुन्दर छवि न्यारी ही न्यारी है
न्यारी ही न्यारी है............

नूर तेरी अँखियों का मेरा दिल भरमाता है
तिरछी नज़रो पे तेरी मैंने जान ये वारी है
तिरछी नज़रो पे तेरी मैंने जान ये वारी है २
मेरे बांके बिहारी की सुन्दर छवि न्यारी ही न्यारी है
न्यारी ही न्यारी है............

अधरों पे सजी बंसी दीवाना करती है
हार गए हम जिसपे मुस्कान तुम्हारी है
हार गए हम जिसपे मुस्कान तुम्हारी है २
मेरे बांके बिहारी की सुन्दर छवि न्यारी ही न्यारी है
न्यारी ही न्यारी है............

रूप पे तेरे मोहन दिल हार के बैठे हैं
तक तक राहें तेरी हरी उम्र गुज़ारी है
तक तक राहें तेरी हरी उम्र गुज़ारी है.........२
मेरे बांके बिहारी की सुन्दर छवि न्यारी ही न्यारी है
न्यारी ही न्यारी है............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-hari-sharma/